अब छात्र तैयार करेंगे गुरुजी का रिपोर्ट कार्ड

पढ़ाने वाले शिक्षक का 41 बिंदुओं पर दर्ज करना होगा ऑनलाइन फीडबैक

अंकित गर्ग

देहरादून। तकनीकी संस्थानों के अब छात्र अपने गुरुजी का ऐसा रिपोर्ट कार्ड तैयार करेंगे, जिसमें पढ़ाने और समझाने के तौर-तरीके के साथ ही उनके व्यक्तित्व का पूरा खाका तैयार हो जाएगा। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र ऑनलाइन उत्तर पुस्तिकाओं को तब तक नहीं देख सकेंगे, जब तक कि ऑनलाइन फीडबैक दर्ज नहीं करेंगे। इस कवायद के बाद उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के पास करीब 4000 शिक्षकों का फीडबैक होगा।

अमर उजाला एक्सक्लूसिव

विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों की ओर से शिक्षकों के बारे में फीडबैक लेने की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन अधिकांश छात्र फीडबैक दर्ज नहीं करते हैं। लेकिन यूटीयू ने फीडबैक को अनिवार्य करने के लिए एक ऐसा तरीका निकाला है कि इससे लगभग सभी शिक्षकों के बारे में जानकारी एकत्र हो जाएगी। विवि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र को ई-मेल जारी कर उत्तर पुस्तिका का ऑनलाइन अवलोकन करने का मौका दिया जाता है।

फीडबैक दर्ज करने के बाद ही छात्र देख सकेंगे उत्तरपुस्तिका

जब छात्र अपने लॉग-इन आईडी के जरिए उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करता है तो उसे पहले फीडबैक के लिंक पर क्लिक करना होगा। जिसमें छात्र को पढ़ाने वाले शिक्षक से संबंधित 41 बिंदुओं पर जानकारी दर्ज करनी होगी। प्रत्येक बिंदु पर चार ऑप्शन एक्सीलेंट, गुड, एवरेज और पूअर में से एक को चुनना होगा। इससे विवि और इससे संबद्ध सभी संस्थानों में पढ़ाने वाले करीब 4 हजार शिक्षकों के बारे में फीडबैक उपलब्ध हो सकेगा। जैसे-जैसे रिजल्ट जारी होते जाएंगे, उसके हिसाब से छात्रों को मेल भेजे जाते रहेंगे और विवि को शिक्षकों का फीडबैक मिलता रहेगा। संवाद

छह क्षेत्रों में 41 प्रश्नों को किया गया है समाहित

विवि की ओर से जो फीडबैक फॉर्म तैयार किया गया है उसमें छह क्षेत्रों में 41 सवाल पूछे गए हैं। इन क्षेत्रों में अनुशासन, विषय की जानकारी, शिक्षण मैथेडोलॉजी, व्यवहार, प्रयोगात्मक कार्यप्रणाली और कक्षा नियंत्रण के जरिए पूछे गए सवाल शिक्षक के पूरे व्यक्तित्व का स्कैन होगा। इसके तहत कक्षा में उपस्थिति, पढ़ाते समय आत्मविश्वास, कक्षा में छात्रों के बीच विचार विमर्श आयोजित कराना, नवीन शिक्षण विधियों का उपयोग, प्रयोगात्मक कक्षाओं में शिक्षक की उपस्थिति आदि पर भी फीडबैक मिलेगा।

अपनी कॉपियां देखने के लिए छात्रों के पास होंगे 72 घंटे

देहरादून। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अपनी लिखी उत्तर पुस्तिकाओं को देखने के लिए छात्र के पास 72 घंटे यानी तीन दिन होंगे। यह तीन दिन छात्र को ई-मेल प्राप्त होने के बाद से गिने जाएंगे। इसके बाद लॉग इन करने के 180 मिनट के भीतर छात्र को कॉपी का अवलोकन करने के साथ ही यह निर्णय भी लेना होगा कि उसे कॉपी का पुनर्मूल्यांकन कराना है या नहीं।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से सेमेस्टर परीक्षा 2023-24 का परिणाम जारी किया जा रहा है इसी के साथ छात्रों को ऑनलाइन कॉपियां देखने का भी मौका दिया जा रहा है। रिजल्ट जारी करने के साथ ही छात्रों की आईडी पर उत्तर पुस्तिकाएं को अपलोड किया जा रहा है। रिजल्ट जारी करने के साथ ही संबंधित छात्र को एक ई मेल भेजा जा रहा है। जिस पर दिए गए लिंक पर क्लिक कर छात्र उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कर सकेंगे।

विवि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि जिन छात्रों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। उन्हें ई-मेल भेजे जा रहे हैं। यदि छात्र को यह लगता है कि उसे कॉपी की पुनः जांच करानी है तो उसे पोर्टल पर ही प्रति विषय के लिए निर्धारित 3000 रुपये का शुल्क जमा कराना होगा। संवाद

कोई प्रश्न जांचने से छूटा तो कोई शुल्क नहीं

उत्तरपुस्तिका में यदि कोई प्रश्न ऐसा हो, जिसका उत्तर जांचने से छूट गया हो या और उसके अंक नहीं मिले हो तो इसके लिए ऑब्जर्वेशन का ऑप्शन क्लिक करना होगा। इसके लिए छात्र को कॉपी का पुनर्मूल्यांकन कराने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।